>

Title: Need to develop religious sites in and around Allahabad and also provide facilities for the Kumbh Mela to be held during January, 2013.

श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर): उ0प्र0 के जनपद इलाहाबाद में स्थित महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल शृंग्वेरपुरधाम पड़िला महादेव, ऐन्द्रिय धाम जमुनीपुर तथा महर्षि दुर्वासा आश्रम ककरा दुबावल आदि पर प्राथमिक सुविधाओं का अभाव है। उक्त् स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। इलाहाबाद में जनवरी 2013 में महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाना है जिसमें देश विदेश के कोने-कोने से करोड़ों लोग इलाहाबाद आयेंगे और महाकुंभ मेला संगम सहित इलाहाबाद के आस-पास स्थित उक्त धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों पर जायेंगे। उक्त महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर प्राथमिक सुविधायें न होने से तीर्थयात्रियों को घोर असुविधा होती है।

सरकार से अनुरोध है कि इलाहाबाद के आस-पास स्थित धार्मिक स्थल शृंग्वेरपुरधाम पड़िला महादेव, ऐन्द्रिय धाम जमुनीपुर तथा महर्षि दुर्वासा आश्रम ककरा दुबावल आदि स्थलों को जनवरी 2013 में लगने वाले विश्व के सबसे बड़े महाकुंभ मेले के पूर्व तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। मैं सरकार से उक्त तीर्थस्थलों को विकसित करने की मांग करता हूं।